बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-419
25/06/2026

# जे0पी0 आंदोलन के हर सेनानी और लोकतंत्र रक्षक को मिलेगा उचित सम्मान, छूटे हुए नामों को जोड़ने के लिए होगी समिति का गठन :– मुख्यमंत्री

## मुख्य बिंदु :–

- लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और संविधान के मूल्यों को अक्षुण्ण रखेंगे।
- केन्द्र और बिहार की डबल इंजन सरकार जनता की आंकाक्षाओं को पूरा करने के लिये पूरी निष्ठा से काम कर रही है।

पटना 25 जून 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी आज पटना के ज्ञान भवन में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे0पी0 नड्डा एवं मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे0पी0 नड्डा एवं मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा जे0पी0 सेनानियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता का इतिहास गौरवशाली रहा है, लेकिन लगभग 50 वर्ष पूर्व देश ने लोकतंत्र पर हुए सबसे बड़े आघात को भी देखा था। उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जब संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का प्रयास किया गया। इसी स्मृति को जीवित रखने के लिए आज देशभर में संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। लोकतंत्र में सरकार जनता के द्वारा चुनी जाती है। सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिये। जनता से जुड़ी समस्याओं का सीधा समाधान करना चाहिये। केन्द्र और बिहार की डबल इंजन सरकार जनता की आंकाक्षाओं को पूरा करने के लिये पूरी निष्ठा से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना, गरीबों को न्याय, महिला सम्मान, किसानों की सुरक्षा और समृद्धि तथा युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने गरीबी हटाने का नारा दिया लेकिन उसने गरीबों को ही हटा दिया। प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने गरीबों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्का घर प्रदान किया गया। मुफ्त राशन की व्यवस्था की गयी और गांव–गांव तक बिजली पहुंचायी गयी। पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में घर–घर तक बिजली पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि राज्य में 125 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। बिहार सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से 25 लाख गरीब परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री ने भोजपुर में हुई हालिया घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने तत्काल उच्चस्तरीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ितों को न्याय मिलेगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जन शिकायतों के त्वरित निस्पादन के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू जवाबदेही प्रणाली का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी आवेदन का 10 दिनों के भीतर समाधान नहीं होता है तो संबंधित पदाधिकारी को पहला नोटिस, 20 दिनों के बाद दूसरा नोटिस, 25 दिनों के बाद तीसरा नोटिस तथा 30 दिनों के भीतर निष्पादन नहीं होने पर निलंबन का नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 3 लाख 70 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 3 लाख 20 हजार मामलों का निष्पादन किया गया। सहयोग शिविर में 1200 आवेदन स्वतंत्रता सेनानियों के भी प्राप्त हुये थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, उनकी विरासत को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी और लोकतंत्र के सशक्त प्रहरी थे। पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में जे0पी0 सेनानियों के सम्मान और पेंशन संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। मैं उनकी सरकार में वित्त मंत्री था, उस दौरान जे0पी0 सेनानियों की पेंशन की राशि को दुगुना किया गया। जे0पी0 आंदोलन के हर सेनानी और लोकतंत्र रक्षक को उचित सम्मान मिलेगा, छूटे हुए नामों को जोड़ने के लिए समिति का गठन किया जायेगा। ऐसे जे0पी0 सेनानी जो किसी कारणवश अब तक लाभ से वंचित रह गए हैं, उन पात्र लोगों को सम्मान और सुविधाओं से जोड़ा जायेगा। अगली बार 25 जून को कार्यक्रम का आयोजन होगा तो ऐसे बचे जे0पी0 सेनानियों को सम्मानित करेंगे। आज के कार्यक्रम में जे0पी0 सेनानियों ने अपने अनुभव साझा किये हैं, जो हम सबके लिये प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ जे0पी0 सेनानियों और लोकतंत्र रक्षकों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री जे0पी0 नड्डा जी का आज यहां एक आंदोलनकारी के रूप में स्वागत करता हूं। वे छात्र जीवन से ही लोकतांत्रिक आंदोलनों से जुड़े रहे हैं और आपातकाल विरोधी आंदोलन से निकलकर राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों का उनसे विशेष आत्मीय संबंध है, हमलोग उन्हें बिहारी ही मानते हैं। उनका बिहार आगमन सदैव प्रेरणादायी रहा है। आज के इस अवसर पर यहां आये हुये सभी जे0पी0 सेनानियों का अभिनंदन करता हूं।

कार्यक्रम को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे0पी0 नड्डा, केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह, जे0पी0 सेनानी श्री रघुपति जी एवं जे0पी0 सेनानी श्री राजाराम पाण्डेय ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में सांसद श्री राधामोहन सिंह, कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ0 दिलीप कुमार जायसवाल, सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव, बिहार भाजपा के संगठन महामंत्री श्री भीखू भाई दलसानिया, राष्ट्रीय संगठक श्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद सहित विधायकगण, विधान पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, जे0पी0 सेनानी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******